हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 21 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

4
गुणवत्ता सुधार की ओर कदम, संकुल प्राचार्यों को मिली विशेष ट्रेनिंग





## खबर संक्षेप

### ट्रेलर पार्किंग में चालक की संदिग्ध मौत

**रायगढ़।** तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड गारे पेलमा 4/7 करवाही बजरमुड़ा स्थित ट्रेलर पार्किंग में एक चालक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतक की पहचान विजय कुमार निवासी मध्य प्रदेश के रूप में हुई है। फिलहाल घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मृतक का शव गाड़ी नंबर सीजी 04 एनवी 6898 के नीचे पड़ा मिला। फिलहाल चालक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि चालक नशे की हालत में गिरने से या किसी भारी वाहन की चपेट में आने से उसकी जान गई होगी। पुलिस की मानें तो मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### चार अवैध महुआ शराब भट्टियां ध्वस्त

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन में जिलेभर में अवैध शराब के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना प्रभारी भूपदेवपुर उप निरीक्षक संजय नाग ने आज सुबह अपनी टीम के साथ ग्राम जबलपुर से लगे जंगल और नदी किनारे दबिश दी। गुप्त सूचना मिली थी कि इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर महुआ शराब का अवैध निर्माण किया जा रहा है। पुलिस के अचानक पहुंचे, उससे पहले शराब बनाने वाले लोग मौके से भाग निकले थेए लेकिन रेड कार्रवाई के दौरान चार अलग-अलग स्थानों पर चल रही शराब भट्टियां ध्वस्त की गईं। साथ ही प्रत्येक स्थान पर रखे गए 40 से 50 बोरी महुआ पास को मौके पर नष्ट किया गया।

## आजादी के 79 साल बाद भी बायसी और नरकालो के बीच नहीं बन सका एक पुल

# कैसी मजबूरी : उफनती मांड को पार कर धान का पौधा लेकर रोपा लगाने जाते हैं किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



धरमजयगढ़ विधानसभा के बायसी और नरकालो के बीच आजादी के 79 साल बाद भी एक अदद पुल का निर्माण नहीं हो सका है। अपनी जमीन और जीने का जरिया होने की वजह से किसान नाव में उफनती नदी को पार कर रोपा लेकर खेती करने नदी के उस पार जाते हैं। इसे जान हथेली पर रखना कहें या किसानों की मजबूरी उपर वाले पर ही उन्हें भरोसा है। यहां सरकारी तंत्र पूरी तरह फेल नजर आता है।

आजादी के बाद से अब तक ग्रामीण इलाकों में मूलभूत सुविधाओं का अंबार है। खासकर ग्रामीण और पिछड़े इलाकों के लोगों ने विकास देखा ही नहीं है। यहां के लोग कैसे और किसी परिस्थिति में जी रहे हैं, इसे समझना हर किसी के बस की बात नहीं है। भाजपा की सरकार प्रदेश में विकास की गंगा बहने की बात तो करती है, लेकिन धरातल में उनके दावे खोखले नजर आते हैं। धरमजयगढ़ विधानसभा से एक ऐसा नज़ारा सामने आया है जिसे देख कर अंदाजा लगाया जा सकता है कि मुख्यमंत्री के गृह जिले का पड़ोसी जिला आज भी विकास से कोसों दूर है। इसे सिस्टम की लापरवाही कहें या फिर इस गांव के ग्रामीणों का दुर्भाग्य जो आज भी जान हथेली पर रख कर अपने और अपने परिवार का पेट पालने इतना खतरा उठाने को विवश हैं। ग्राम पंचायत बायसी और नरकालो के बीच बहने वाली मांड नदी में पुल नही होने की वजह से आसपास के कई गांव के ग्रामीणों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बरसात के दिनों में गांव के ग्रामीणों को खेती किसानी के अलावा अन्य कार्यो के लिये जान जोखिम में डालकर उफनती हुई मांड नदी को नाव के सहारे पार करना पड़ रहा है। यहां के अधिकांश ग्रामीणों का मुख्य पेशा खेती-किसानी है। उसी के भरोसे उनका परिवार चलता है, लेकिन उनकी जमीन नदी के उस पार होने की वजह से उन्हें मजबूरन रोपा लेकर उफनती नदी को पार कर खेती करने जाना पड़ता है। बारिश में नदी में पानी का बहाव तेज होने से नदी पार करना जान जोखिम में डालने के बराबर होता है, लेकिन उनके पास दूसरा कोई विकल्प नहीं होने के कारण उन्हें मजबूरन यही रास्ता अपनाना पड़ता है।

### तीन साल में भी नही बन सका अधूरा पुल

गांव के ग्रामीण भरतराम राठिया ने बताया कि इस अधूरे पुल का निर्माण कार्य कांग्रेस शासनकाल में शुरू हुआ था और पुल बनाने का टेंडर जशपुर निवासी विसंभर दयाल अग्रवाल को दिया गया था। 14 जनवरी 2022 से पुल का निर्माण कार्य शुरू हुआ, लेकिन तीन साल बाद भी पुल का निर्माण पूरा नहीं हो पाया है। वहीं अभी इस पुल में कोई काम भी नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान सरकार भी उनकी मजबूरी को समझ कर पुल का काम जल्दी कराने के बजाय मूकदर्शक बना हुआ है।

### मुश्किल है डगर, पर चलना तो पड़ेगा

बायसी गांव के भारत राम राठिया ने बताया कि नदी में पुल नही होने से उन्हें बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नदी के उस पार ग्रामीणों की सारी जमीन है। ऐसे में रोपा लगाने जाने के लिए धान की गाछी को पहले नाव में लोड कर नदी पार करते हैं, उसके बाद साइकिल से आगे का सफर तय करते हैं। उसने बताया कि उफनती नदी को पार करते समय डर लगता, लेकिन डगर चाहे कितनों भी मुश्किलों से भरा हो पर परिवार के लिए चलना तो पड़ेगा।

### बरसात के बाद अधूरे पुल का काम होगा पूरा

इस संबंध में सेतु विभाग के ईई आरके वर्मा ने बताया कि उक्त पुल में ठेकेदार ठीक से काम नही कर रहा था तो उसे 5 अप्रैल को टर्मिनेट कर दिया गया है। बचे हुए काम के लिए रिटेंडर जारी किया गया है। बरसात के बाद नई एजेंसी आ जाएगी, फिर अधूरे पुल का काम पूरा कर लिया जाएगा।

## समय पर खाद न मिला तो किसान करेंगे चक्काजाम



**पुसौर।** तहसील क्षेत्र के किसानों ने खाद आपूर्ति में हो रही अनियमितताओं को लेकर कड़ी आपत्ति जताई है। किसानों का कहना है कि पिछले एक वर्ष से शासन द्वारा उचित दर पर समय पर खाद उपलब्ध नहीं कराया जा रहा, जिसके चलते उन्हें बाजार से दुगने दाम पर खाद खरीदने मजबूर होना पड़ रहा है। इसका सीधा असर उनकी पैदावार और आय पर पड़ रहा है। बुधवार को पूर्व विधायक प्रतिनिधि रोहित पटेल के नेतृत्व में क्षेत्र के किसानों और कांग्रेस पदाधिकारियों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने मांग रखी कि शासन तत्काल पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराए। अन्यथा मजबूर होकर वे चक्काजाम आंदोलन का सहारा लेंगे। ज्ञापन सौंपने पहुंचे किसानों और कांग्रेस नेताओं ने राज्य सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि भले ही हमें महतारी वंदना की राशि न देए लेकिन समय पर खाद उपलब्ध कराए।

## बेज़ुबानों पर अत्याचार, एनिमल लवर ग्रुप ने किया आंदोलन का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





बेज़ुबान जानवरों की सुरक्षा के लिए रायगढ़ में एनिमल लवर ग्रुप 21 अगस्त के सुबह 11 से 1 बजे कलेक्ट्रेट के सामने मुंह पर काली पट्टी लगाते हुए अनोखा विरोध प्रदर्शन करेगा। युवाओं का यह ग्रुप दलगत राजनीति से परे है इसलिए सर्वधर्म समभाव के मूलमंत्र को आत्मसात कर केवल और केवल निरीह जानवरों की रक्षा के लिए मोर्चा खोलते हुए इंसानियत का फर्ज अदा करने एक्टिव हैं। बेज़ुबानों की सुरक्षा के लिए एनिमल लवर ग्रुप रायगढ़ द्वारा आंदोलन आरम्भ हो रहा है। इस आंदोलन का मकसद दिल्ली एनसीआर में बेज़ुबानों के खिलाफ हो रहे अत्याचार को रोकना है। क्योंकि यह धरती जितनी हम इंसानों की है उससे कहीं ज्यादा बेज़ुबानों की भी है। इसका भारतीय संविधान में पशु क्रूरता अधिनियम 1960 पूर्ण अधिकार देता है कि इनकी सुरक्षा के लिए आवाज़ उठा सकते हैं। यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक बेज़ुबानों के लिए उठाई जा रही इन्साफ की आवाज़ को न्याय नहीं मिल पाता।

## ट्रक चालक से लूटपाट, आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा।** नेशनल हाईवे रोड तरौद चौक में ट्रक ड्रायवर से लूट के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना अकलतरा के तरौद चौक का है। प्रार्थी सूरज तिवारी निवासी अहिवारा नंदनी खुंदनी थाना नंदनी जिला दुर्ग के द्वारा 14 जुलाई को जे.के. लक्ष्मीन सीमेट फैक्ट्री अहिवारा जिला दुर्ग से ट्रक कमांक सीजी 04 एच.डब्ल्यु 6317 मे सीमेंट लोड करके चांपा के लिये अपने हेल्फर नारायण पटेल के साथ गाडी लेकर निकला था। लगभग 5 बजे सुबह तरौद चौक अकलतरा नेशनल हाइवे पर पहुंचकर चांपा जाने के रास्ता पूछने के लिये गाडी को खड़ी किया, उसी समय मोटरसाइकिल में सवार होकर चार युवक आए एवं गाडी के केबिन के ऊपर जबरदस्ती चढ़कर ड्राइवर एवं हेल्पर से मारपीट करते हुये पैसे की मांग करने लगे। मना करने पर एक व्यक्ति अपने हाथ मे रखे चाकू से मारने लगा।





8 March Womens Day

## हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर आयोजित

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के परिणाम

**प्रथम पुरस्कार**



सोने की अंगूठी



भारती दुबे

**द्वितीय पुरस्कार**



मिक्सर ग्राइंडर



गुलापा बाई

**तृतीय पुरस्कार**



डिनर सेट



आशा दुबे

**चतुर्थ पुरस्कार**



इलेक्ट्रिक आयरन



नीतु रानी पाल

## विशेष पुरस्कार के विजेताओं के नाम



योगिता | मनोरमा कौशिक | प्रियंका पाण्डेय | नितु कुमारी | बर्षा मोहंती

## सांत्वना पुरस्कार के विजेताओं के नाम

### जांजगीर जिला



प्रीति स्वर्णकार | भारती नामदेव | प्रीति यादव | चन्द्रकला राव | रूचिका सोनी



डा. अलिजा खुटे | सरोजनी साहू | सृष्टि साहू | कामीनी सोनी | प्रांची तिवारी

### रायगढ़ जिला



हेमा साहू | रानू राय | सुनीता देवी अग्रवाल | प्रांची देवांगन | शिवानी गुप्ता



अर्चना अग्रवाल | शोभा ठाकुर | उर्मिला ठाकुर | शिप्रा चतुर्वेदी | नीलम विश्वकर्मा

### कोरबा जिला



बबीता साहू | रीतू जायसवाल | नेहा तिवारी | आरती सिंह राजपूत | प्रिया साहू | ओजस्वी सफहा | गीता यादव | शीतला साहू | खुशी अग्रवाल | रोशनी सूर्यवंशी

### सरगुजा जिला



सावित्री पाण्डेय | नीतू रेलवानी | सविता श्रीवास्तव | रंजू मेहता | राशी गुप्ता



ममता मिश्रा | मेहरून नीशा | नम्रता गोयल | संस्कृति श्रीवास्तव | पूनम यादव

### कोरिया जिला



कविता कुमार | सुमन भारती | नमीता बंसरिया | मीरा देवी | रीना कश्यप



जसीना खातुन | सुनीता देवी | प्रीति सिंह | नाजनीन खान | तसकीन खान

**पुरस्कार वितरण की सूचना अतिशीघ्र दी जाएगी पढ़ते रहिए हरिभूमि ...**

## खबर संक्षेप

### अभ्यर्थियों को 10 तक देनी होगी उपस्थिति

**जशपुरनगर।** जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी, नगर सेना जशपुर द्वारा जानकारी देते हुए सूचना दी गई है कि नगर सैनिक भर्ती में जशपुर जिले के लिए चयनित 100 अभ्यर्थियों को वर्ष 2024-25 में छात्रावास ड्यूटी हेतु 10 सितम्बर तक जिला मुख्यालय कार्यालय जिला सेनानी, नगर सेना जशपुर में उपस्थिति देना होगा।

### जिले में 1 जून से अब तक 7778.5 मिमी वर्षा



**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 1 जून से अब तक 7778.5 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 20 अगस्त तक की स्थिति में 7295.4 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 67.2 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसील जशपुर में 868.7 मिमी, मनोरा में 979.2 मिमी, कुनकुरी में 1144.9 मिमी, दुलदुला में 463.6 मिमी, फरसाबहार में 605.9 मिमी, बगीचा में 828.7 मिमी, कांसाबेल में 729.6 मिमी, पत्थलगांव में 685.6 मिमी, सन्ना में 911.5 मिमी एवं बागबहार में 560.8 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

### नशामुक्ति जन जागरुकता कार्यक्रम

**जशपुरनगर।** संस्था ग्राम विकास समिति द्वारा संचालित नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र जशपुर में जिला कार्यालय समाज कल्याण एवं ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जशपुर के संयुक्त प्रयास से नशामुक्ति जन-जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 25 की संख्या में हितग्राहियों ने भाग लिया। इस दौरान उपस्थित लोगों को नशामुक्ति के लिए शपथ दिलाई गई। शपथ समारोह में समाज कल्याण जशपुर के कर्मचारी द्वारा जिले में संचालित 15 बिस्तरीय नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र जशपुर में दी जा रही सुविधाओं के बारे में कहा कि संस्था में निःशुल्क भोजन, आवास, योग, चिकित्सीय परामर्श एवं मनोरंजन प्रदान किया जाता है। ब्रम्हाकुमारी विश्वविद्यालय के बहनों ने बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, शराब, पान-मसाला, अफीम, गांजा, चरस, कोकेन, हेरोइन, एवं ब्राउन शुगर इत्यादि चीजों से होने वाले दुष्प्रभावों पर संक्षिप्त व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के सहायक अधीक्षक वेदप्रकाश कुलदीप, संस्था की नीलम, रुक्मणि, संगीता, श्यामा, सूरज और नशामुक्ति केन्द्र जशपुर के संस्था संचालक प्रभाकर द्विवेदी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रकृति प्रेमी और स्वतंत्र पत्रकार शिव का निधन

**पुसौर।** पर्यावरण संरक्षण, साक्षरता अभियान और प्राचीन धरोहरों के संकलन जैसे कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले स्वतंत्र पत्रकार शिव राजपूत का बीते मंगलवार को निधन हो गया। पुसौर स्थित उनके निवास स्थान पर अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। जिसमें



परिवारजनों के साथ-साथ क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और पत्रकार साथी उपस्थित रहे। अंतिम यात्रा में हरित सेवा समिति अध्यक्ष सीताराम चौहान, नगर पंचायत उपाध्यक्ष उमेश साव, पूर्व पार्षद बैकुंठ गुप्ता, पत्रकार संघ अध्यक्ष गौतम पंडा, नकुल महाणा, सुरेंद्र जेना, लक्ष्मीनारायण चौधरी, रूपधर गुप्ता, गुलाब यादव, राधेश्याम प्रधान, बंशी चौहान, प्रेम गुप्ता, पद्मनाभ प्रधान, मोहम्मद इजाज सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। शिव राजपूत वर्ष 2015 से पुसौर में निवासरत थे। इससे पहले वे शहीद नंदकुमार पटेल के गृहमंत्री व विधायक कार्यकाल में निजी पीआरओ रहे। 2014 में स्व. रोशनलाल अग्रवाल के विधायक कार्यकाल के दौरान बने गुरुदेव कश्यप पत्रकार भवन को लेकर उन्होंने पत्रकार संघ की प्रशंसा की और तब से क्षेत्रीय पत्रकारिता और जनप्रतिनिधियों से उनके संबंध गहरे होते चले गए। पौधारोपण कार्यों में वे सदैव सक्रिय रहते और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते। उन्होंने आदर्श ग्राम्यभारती संस्थापक लक्ष्मीनारायण चौधरी और हरित सेवा समिति अध्यक्ष सीताराम चौहान सहित अन्य साथियों के साथ केलो- महानदी संगम स्थल से लेकर उद्गम स्थल लुड़ेग पहाड़ तक पदयात्रा की थी।

## जशपुर रोड पुरन तालाब के आसपास की सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे से चलना हो रहा मुश्किल

# राष्ट्रीय राजमार्ग जर्जर, राहगीरों को करना पड़ रहा परेशानी का सामना

पत्थलगांव शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग की 43 के खराब हालत कई दशक पुरानी बात है। जिसमें कोई सुधार हिता नहीं दिख रहा है। जशपुर रोड पुरन तालाब के आसपास की सड़क में बड़े बड़े गड्ढे से सड़कों में चलना हो रहा है। लगभग 4 मीटर की डामर की सड़क जहां से एक बार में एक वाहन ही पार हो सकते है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पत्थलगांव

दूसरे तरफ से आने वाले वाहन या बाइक राहगीरों को सड़क से नीचे उतराना पड़ता है। इन सब बातों से राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग को कोई मतलब नहीं। चाहे वो पत्थलगांव शहर के हृदय स्थल इंदिरा चौक हो या जशपुर रोड का सड़क पूरी तरह खस्ता हाल है। बरसात के दिनों में पानी गिरा तो गड्ढे से यातायात परेशान करता है और धूप निकला तो सड़क से उड़ते हुए धूल से शहर वासी पूरी तरह से त्रस्त है। अब इन सड़क के खराब हालत को लेकर जाए, तो किसके पास कहि कोई सुनने वाला नहीं।

शहर के मुकेश अग्रवाल ने बताया कि जशपुर रोड और इंदिरा चौक के पास के जर्जर सड़क से पार होना अपने आप में बड़े पहाड़ों में फतह करना जैसा टास्क है। जिसे हम शहरवासी रोजाना पूरा कर रहे है। पर विभाग सड़क जैसी जरूरी समस्या से निजात देने में पूरी तरह असमर्थ है। वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन यादव ने राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के पत्थलगांव शहर के बस स्टैंड और जशपुर रोड सड़क के खस्ताहाल सड़क पर कहा कि हमारे जिले से मुख्यमंत्री है पर पत्थलगांव शहर के सड़कों का हाल परेशान करने वाला है। सड़क से नीचे अगर गाड़ी उतारी जाए तो नीचे और बड़े गड्ढे से हालत खराब हो जाता है। एनएच विभाग विभाग को शहर के सड़कों के गड्ढे भरने की जरूरत है। जिससे शहर वासियों को चलने में आसानी हो सके आराम से वाहन चला पाएं सड़क के गड्ढों के साथ सड़क के नीचे के गड्ढे भी भरें जाए जिससे सड़कों के खस्ताहाल से आमजनों को निजात मिल सके।

### धूप निकलते ही रास्ते पर उड़ने लगती है धूल





सड़क किनारे बने बड़े गड्ढे पर भरा बारिश पानी।

#### ध्यान देना चाहिए

राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग को सड़क के रखरखाव पर ध्यान देना चाहिए। मैं राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को जशपुर रोड और बस स्टैंड के गड्ढों को ठीक करने कहता हूं।

-ऋतुराज सिंग बिसेन, एसडीएम, पत्थलगांव

#### आवागमन में परेशानी

सड़क पर गड्ढे से आम लोगों को बड़ी परेशानी हो रही है। लोगों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। धूप निकलते ही धूल से परेशानी बढ़ जाती है।

## ग्रामीणों की मांग पर सड़क निर्माण की मिली मंजूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग कर रहे ग्रामीणों को आखिरकार बड़ी सौगात मिली है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की संवेदनशीलता और पहल पर फोटकोसेमर–सजापानी–केंदापानी से कर्राडांड होते हुए दुलदुला पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए 5 करोड़ 84 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस 5 किलोमीटर लंबे मार्ग के बन जाने से विकासखंड मुख्यालय दुलदुला तक ग्रामीणों की आवाजाही आसान होगी।

■ अब ग्रामीणों को आवागमन में होगी सुविधा

ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में कीचड़ और गड्ढों से गुजरना बेहद कठिन हो जाता था। स्कूल, अस्पताल और बाजार तक पहुंचने के लिए लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती थी। सड़क निर्माण की इस स्वीकृति से न केवल राहगीरों को कीचड़ से निजात मिलेगी बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार जैसी बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच भी सहज होगी। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वर्षों से लंबित यह मांग अब पूरी हो गई है। ग्रामीणों ने बगिया स्थित मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा स्वीकृत यह परियोजना पूरे क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी।ग्रामवासियों ने बताया कि इस सड़क के बन जाने से कर्राडांड, केंदापानी और आसपास के कई गांव सीधे विकासखंड मुख्यालय दुलदुला से जुड़ जाएंगे। इससे न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि कृषि उपज के परिवहन में भी आसानी होगी। किसानों को अपनी फसल उचित दामों पर बेचने में सुविधा होगी। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा और समय पर पूरा भी किया जाएगा ताकि लोगों को जल्द से जल्द बेहतर सड़क सुविधा मिल सके।



## एकादशी पर जगन्नाथ मंदिर में निभाई गई दीप प्रज्वलन परंपरा

**जशपुरनगर।** एकादशी पर दोकड़ा स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ मंदिर में द्वीप प्रज्वलन की प्राचीन परंपरा का निर्वहन किया गया।

भक्तों ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा माता की आराधना करते हुए मंदिर प्रांगण को दीपों की लौ से आलोकित कर दिया। सैकड़ों दीपक जलने से पूरा मंदिर प्रांगण आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कीर्तन मंडलियों ने भक्तिमय गीत प्रस्तुत किए। मधुर भजनों की स्वर लहरियों और हरे कृष्ण, हरे राम के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा।पर्व के समापन पर भक्तों को महाप्रसाद का वितरण किया गया। ग्रामीणों ने श्रद्धापूर्वक महाप्रसाद ग्रहण किया और इसे सामाजिक एवं धार्मिक एकता का प्रतीक बताया।ग्रामवासियों ने बताया कि जगन्नाथ मंदिर में एकादशी पर दीप प्रज्वलन की यह परंपरा रथ यात्रा के बाद से चली आ रही है, जिसे जगन्नाथ मंदिर समिति के सदस्यों ने मिलकर आगे बढ़ा रहे हैं।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, श्रद्धालुओं और भजन मंडलियों की उपस्थिति रही।

■ भजन संध्या का आयोजन, जुटे श्रद्धालु



## पशुओं के अवैध परिवहन पर राजसात किए गए 16 वाहनों की नीलामी 4 सितंबर को

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के तहत पशुओं के अवैध परिवहन किए जाने हेतु प्रयुक्त वाहनों को जप्त कर राजसात किए गए 16 वाहनों के अपलेखन की कार्रवाई बाद खुली बोली के माध्यम से ऑफलाईन नीलामी किया जाना है। नीलामी रक्षित केन्द्र जशपुर में 4 सितंबर को प्रातः 11 बजे से शुरू होगी। नीलामी प्रकिया के लिए तय किए गए शर्तों केए अनुसार 15,000 रूपए की अमानत राशि कार्यालय रक्षित केंद्र जशपुर में जमा कर रसीद प्राप्त करनी होगी। अमानत राशि नीलामी दिनांक से 2 घण्टे पूर्व तक जमा कर पावती रशीद लेनी होगी। नीलामी की कार्रवाई खुली ऑफलाईन प्रकिया के आधार पर होगी।

## दो नकाबपोशों ने शासकीय दुकान में चोरी का किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोतबा





इन दिनों कोतबा नगर क्षेत्र में अज्ञात चोरों आतंक मचा रखा है। चोर कभी पालतू मवेशी तो कभी बाइक तो कभी सूनेपन का फायदा उठाकर दिन दहाड़े घर से नकदी ले उड़ रहें है। पिछले 15 दिनों से तीन से चार घटना सामने आने के बाद अभी तक पुलिस के हाथ नहीं आए है।

नगर के आमाटोली स्थित शासकीय अंग्रेजी शराब दुकान में रात 11 बजे 2 नकाबपोश चोरों ने ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया दुकान से बोरी में विभिन्न किस्म के शराब की बोतलें 36 नग लेकर भाग रहे थे। सिक्योरिटी गार्ड ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तत्काल कोतबा पुलिस सहित कंपोजिट मदिरा दुकान के कर्मचारियों को बुलाया और पकड़ने की कोशिश करने से शराब छोड़कर स्कूटी लेकर भाग रहे थे। सूचना के बाद पुलिस ने काफी दूर तक पीछा भी किया लेकिन पगडंडियों का सहारा लेकर चोर स्कूटी छोड़ कर छिपाघाट जंगल की ओर भागने में सफल हुए। शराब दुकान के मैनेजर व सुपरवाइजर सचिदानंद भगत द्वारा लिखित शिकायत देते हुए चौकी में बताया कि वे रोजाना की तरह 10 बजे दुकान में ताला लगाकर अपने निवास स्थान चले गए। दुकान में सेक्योरिटी गार्ड ललित साय पैकरा था जिसने रात 11 बजकर 32 मिनट में हमें व कोतबा पुलिस चौकी को सूचित किया कि शराब दुकान में 2 अज्ञात व्यक्ति ताला तोड़कर चोरी करने घुसे हुए है। चोर चोर चिल्लाने पर बोरी छोड़ स्कूटी में भागने लगे हमने व पुलिस ने पीछा किया। बीच में स्कूटी का वाइजर उखाड़ कर हमारे ऊपर हमला भी किया और पटवाजोर के रास्ते पगडंडियों का सहारा लेते हुए छिपाघाट जंगल की ओर भाग निकले। कोतबा पुलिस ने एक स्कूटी टिव्हिएस सीजी 13 बी बी 0363 को मौके से जब्त कर जांच पतासाजी में जुटी हुई है।

#### रणनीति बनाई जा रही

उच्च अधिकारियों के निर्देश पर रणनीति बनाई जा रही है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

-बृजेश यादव, चौकी प्रभारी

## जिला भाजपा की नई कार्यकारिणी घोषित

**जशपुरनगर।** भाजपा जिलाध्यक्ष भरत सिंह ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से जशपुर जिला भाजपा के पदाधिकारियों की नई सूची जारी की है। इस कार्यकारिणी में कुछ पुराने अनुभवी नेताओं को बरकरार रखते हुए बड़ी संख्या में नए चेहरों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

संगठन का मानना है कि यह मिश्रण अनुभव और नई ऊर्जा के साथ भाजपा को और मजबूती प्रदान करेगा। जिनमें उपेन्द्र यादव, हेमंती भगत, कपिल देव साय, रीना बरला, आनंद शर्मा, शांति भगत को नियुक्त किया गया है। महामंत्री के रूप में मुकेश शर्मा, मनीष अग्रवाल की जिम्मेदारी तय की गई है। मंत्री पद पर हिरामती पैकरा, राजकपूर भगत, संतोष सिंह, संतोष सहाय, आलोक सारथी और सुनीति भोई को स्थान मिला है। कोषाध्यक्ष नटवर मूंदड़ा होंगे तथा सह-कोषाध्यक्ष वरुण जैन बनाए गए हैं। कार्यालय मंत्री की जिम्मेदारी नायक मिश्रा को और सह कार्यालय मंत्री का दायित्व शरद चौरसिया को दिया गया है। जिलाध्यक्ष भरत सिंह ने कहा कि यह कार्यकारिणी अनुभव और नई सोच के मेल से संगठन को और गति देगी। उन्होंने विश्वास जताया कि पदाधिकारी भाजपा की विचारधारा और योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव सिंह एवं संगठन महामंत्री पवन साय ने भी नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी को शुभकामनाएँ दीं । और कहा कि यह टीम संगठन विस्तार और आगामी चुनावी चुनौतियों में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

## दर्रीपारा कुटमा में पीएम जनमन आंगनबाड़ी बनकर तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर




जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों को केन्द्र शासन और राज्य शासन की सभी योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में विकास खंड बगीचा के ग्राम दर्रीपारा पारा कुटमा में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा बसाहटों में नन्हें मुन्ने बच्चों के लिए सर्व सुविधायुक्त पीएम जनमन आंगनबाड़ी केन्द्र बनकर तैयार हो गया है। जहां विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों के बच्चें उत्साह से आंगनबाड़ी केंद्र पढ़ने पहुंच रहे हैं।

■ छोटे बच्चों का बौद्धिक विकास व गर्म भोजन स्वास्थ्य जांच की सुविधा

जिला प्रशासन की पहल से बच्चों के लिए सर्व सुविधा युक्त पीएम जनमन आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कराया जा रहा है। महिला बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल पीएम जनमन योजना के तहत 17 आंगनबाड़ी केंद्रों की स्वीकृति दी गई है। इनमें बगीचा विकास खंड में 16 आंगनबाड़ी केन्द्र और मनोरा विकास खंड में 1 आंगनबाड़ी केन्द्र शामिल है। इन आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों के 0 से 6 वर्ष के बच्चों को प्रतिदिन गर्म भोजन, स्वास्थ्य जांच, बच्चों का बौद्धिक विकास और प्रारंभिक शिक्षा का लाभ मिल रहा है।


न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी खरसिया के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202508042900010

विषय :- अ-2 सन :- 2024-2025

मामले की श्रेणी राजस्व

रानीसागर (प ह न. 00026),

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार डोलनारायण पटेल, अनावेदक पक्षकार छ.ग. शासन

ईश्तहार

ग्राम रानीसागर, प.ह.न 26

एतत द्वारा आम जनता ग्राम रानीसागर, प.ह.न 26, तहसील खरसिया, जिला रायगढ़ (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक डोलनारायण पटेल आत्मज चतुर्भुज पटेल, निवासी ग्राम रानीसागर, तहसील जिला रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा छ.ग.भू-राजस्व संहिता की धारा 172 के तहत अपने हक अधिकार एवं स्वामित्व कि भूमि ग्राम रानीसागर, प.ह.न. 26, तहसील खरसिया, जिला रायगढ़ (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि खसरा नं, 5/2/च, 5/2/झ. 5/2/ट/1 रकबा क्रमशः 0.020, 0.028, 0.140 हे. कुल खसरा नं. 03 कुल रकबा 0.188 हे. भूमि को (फ्लाई ऐश ईटा प्लांट हेतु) औद्योगिक प्रयोजानार्थ व्यपवर्तित किये जाने हेतु, आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को व्यपवर्तित करने में जिस किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के साथ प्रकरण में नियत दिनांक 27/08/2025 को न्यायालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है, ध्यान रहें नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/08/2025 को जारी किया जाता है।

Pravin Tiwari
अनुविभागीय अधिकारी रा.
खरसिया


## बालिका का अपहरण कर किया दुष्कर्म



**जशपुरनगर।** एक अगस्त को थाना कांसाबेल क्षेत्र के एक ग्रामीण ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी घर में बिना बताए कहीं चली गई है, प्रार्थी व उनके परिजनों के द्वारा आसपास, रिश्तेदारों, सहेलियों में पता साजी किया गया, कहीं पता नहीं चला, उन्हें संदेह है कि किसी व्यक्ति के द्वारा उसकी बेटी को बहला फुसलाकर कर भगा कर ले जाया गया है।

रिपोर्ट पर मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस के द्वारा तत्काल थाना कांसाबेल में आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मामला पंजीबद्ध करते हुए, जांच विवेचना में लिया गया व अपहृत नाबालिग लड़की की पतासाजी की जाने लगी। इसी दौरान 18 अगस्त को पुलिस को मुखबीर व परिजनों के सहयोग तथा पुलिस की टेक्निकल टीम की मदद से पता चला कि उक्त नाबालिग लड़की, रायगढ़ जिले, के धर्मजयगढ़ क्षेत्रांतर्गत एक ग्राम में आरोपी तेजराम निषाद के साथ है। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जशपुर अनिल कुमार सोनी के दिशा निर्देश पर, तत्काल थाना कांसाबेल से पुलिस की टीम, धर्मजयगढ़ रवाना होकर, एक ग्राम से आरोपी तेजराम निषाद के कब्जे से नाबालिग बालिका को बरामद कर, आरोपी तेजराम को हिरासत में लेकर वापस लाया गया। पुलिस के द्वारा नाबालिग बालिका को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस की पूछताछ पर बालिका ने बताया कि आरोपी तेजराम निषाद इस दौरान नाबालिग का यौन शोषण करता रहा।

### आंबा भवन से टकराया बाइक सवार, मौत

**अम्बिकापुर।** शंकरगढ़ निवासी रोहित खाखा आ. स्व. शंकर राम (17 वर्ष) 16 अगस्त की सुबह परिजन को बिना बताए बाइक क्रमांक सीजी 15 ईजी 1546 से अकेले घूमने निकला था। जैसे ही युवक गांव के सरगवां बस्ती पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर आंगनबाड़ी भवन से टकरा गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पीएम उपरांत शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है।


**श्री सांदीपनी विज्ञान संस्थान महाविद्यालय राहौद जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

क्रं./4610 /विज्ञापन /2025 **आवश्यकता** दिनांक 20/08/25

श्री सांदीपनी विज्ञान संस्थान महाविद्यालय राहौद, जिला-जांजगीर-चांपा (छत्तीसगढ़) में परिनियम (धारा-28) के तहत यू.जी.सी./उच्च शिक्षा विभाग/छत्तीसगढ़ शासन व शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के मापदण्ड के अनुसार निम्नांकित पदों पर निर्धारित योग्यताधारी आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

| क्र. | पद | रिक्त पदों की संख्या | योग्यता/अनुभव | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहा. प्राध्यापक (भौतिक शास्त्र) | 01 | सम्बधीत विषय में 55% अंक के साथ स्नातकोत्तर/नेट/सेट/स्लेट के साथ अध्यापन अनुभव। | सभी पदों के लिए वेतनमान यू.जी.सी./शासन/वि.वि. द्वारा निर्धारित |
| 2 | सहा. प्राध्यापक (वनस्पति शास्त्र) | 01 | | |
| 3 | सहा. प्राध्यापक (कम्प्यूटर साइंस) | 01 | | |
| 4 | सहा. प्राध्यापक (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 01 | एम.सी.ए./एम.सी.ए. (कम्प्यूटर साइंस) समकक्ष में 55% अंक के साथ स्नातकोत्तर /नेट/सेट/स्लेट के साथ अध्यापन अनुभव। | |
| 5 | सहा. प्राध्यापक (अंग्रेजी) | 01 | डी.सी.ए./बी.सी.ए./पी.जी.डी.सी.ए. के साथ अन्य शैक्षणिक संस्थानो का अनुभव | |

टीप :-आवेदक दिनांक-27.08.2025 तक अपना आवेदन पत्र डाक/स्पीड पोस्ट या कार्यालय में सीधा आवेदन/बायोडाटा आवश्यक शैक्षणिक प्रतिलिपी स्वयं के द्वारा हस्ताक्षरित के साथ आधार कार्ड,/बैंक पासबुक/पेनकार्ड की प्रति पासपोर्ट साइज फोटो के साथ जमा करें।
विज्ञापन जारी दिनांक-20.08.2025

प्राचार्य
श्री सांदीपनी विज्ञान संस्थान महाविद्यालय
राहौद जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

सम्पर्क नं.- 9826131319, 9993365043, 7970202514, 8120687805
website- shrisandipanivigyansansthanmahavidyalayarahod.in, Mail ID- vigyancollege1@gmail.com

## खबर संक्षेप

### लॉन्ड्री का काम अब धोबी समाज ही करेगा

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ धोबी समाज ने अपने प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के नेतृत्व में स्वास्थ्य मंत्री श्री जयसवाल का आत्मीय अभिनंदन किया। यह कार्यक्रम डीकेएस अस्पताल रायपुर के विवादित लॉन्ड्री टेंडर को निरस्त किए जाने के बाद आयोजित हुआ। उस टेंडर में करोड़ों का टर्नओवर अनिवार्य किया गया था, जबकि प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अस्पताल में लॉन्ड्री कार्य के लिए अनुभव को ही प्राथमिकता दी जाती है। समाजजनों ने कहा कि पैतृक व्यवसाय को बचाने के लिए यह कदम आवश्यक था। उनका कहना था कि बाहरी समाज के लोग इस कार्य पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे, जबकि धोबी समाज आर्थिक रूप से इतना सक्षम नहीं कि अदालत में लंबी लड़ाई लड़ सके। ऐसे में मंत्री का निर्णय पूरे समाज के लिए राहतकारी रहा। स्वास्थ्य मंत्री श्री जयसवाल ने इस अवसर पर आश्वासन दिया कि अब पूरे छत्तीसगढ़ में शासकीय संस्थाओं में लॉन्ड्री का काम धोबी समाज को ही मिलेगा। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ी तो इसके लिए कैबिनेट में प्रस्ताव पास कराया जाएगा और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से चर्चा कर समाजजनों को भी उनसे मिलवाया जाएगा।

### मायुम का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कल



**खरसिया।** नगर में सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने वाली मारवाड़ी युवा मंच एक बार फिर जनसेवा की ओर कदम बढ़ा रही है। मंच की जागृति शाखा खरसिया द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर लखीराम अग्रवाल और मरवण देवी की पावन स्मृति में, उनके पुत्र बजरंग अग्रवाल व ऋषभ अग्रवाल के सौजन्य से आयोजित होगा। शिविर का आयोजन 22 अगस्त, शुक्रवार को अग्रसेन भवन, खरसिया में सुबह 10 बजे से किया जाएगा। इसमें श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल का विशेष सहयोग रहेगा। इस अवसर पर प्रदेश के सुप्रसिद्ध डॉक्टर खरसिया नगर पधारेंगे। इनमें प्रमुख रूप से डॉ. टी.डी. मखीजा, डॉ. योगेश जायसवाल, डॉ. पीयूष कुमार अंशु, डॉ. अर्चित वर्मा, डॉ. स्नेहा मरीसम और डॉ. हरप्रिया पी. साहो उपस्थित रहेंगे।

## निधन

### संतोष केसरवानी



**चंद्रपुर।** नगर के प्रतिष्ठित व्यक्ति नितेश केसरवानी के पिता एवं खरियार रोड टेमरी निवासी संतोष केसरवानी (60 वर्ष) का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। हृदय गति रुकने से उनका देहांत हुआ। उनके निधन की खबर मिलते ही परिजनों, रिश्तेदारों और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई। ग्राम व नगर के लोगों ने इसे अपूरणीय क्षति बताते हुए उनकी ईमानदार और सौम्य छवि को याद किया। दिवंगत संतोष केसरवानी का अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम टेमरी में किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में परिजन, मित्र व समाजजन मौजूद रहे।

## रामलीला मैदान में विशाल डोम और मंच का निर्माण, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

# कला-संस्कृति का संगम : चक्रधर समारोह को भव्य बनाने कलेक्टर ने संभाली कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर और गौरव का प्रतीक चक्रधर समारोह इस वर्ष अपने 40वें संस्करण में आयोजित होने जा रहा है। 27 अगस्त से 5 सितंबर तक चलने वाले इस 10 दिवसीय समारोह की तैयारियां रामलीला मैदान में जोरों पर हैं। विशाल डोम और आकर्षक मंच का निर्माण तेजी से जारी है। मंगलवार को कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने डोम पंडाल की मजबूती, दर्शकों के लिए सेक्टरवार बैठक व्यवस्था, मंच की सज्जा और लाइटिंग व्यवस्था की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि चक्रधर समारोह रायगढ़ की प्रतिष्ठा से जुड़ा है, इसलिए तैयारियों में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश द्वार, बेरीकेडिंग, पार्किंग और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समारोह में बड़ी संख्या में दर्शकों के आने की संभावना है, इसलिए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय हो। मैदान की नियमित सफाई और बारिश को देखते हुए जल निकासी की भी पूरी तैयारी की जाए।





### कलाकारों की सुविधाओं पर ध्यान

समारोह में देश-विदेश से नामी कलाकारों का आगमन होगा। कलेक्टर ने ग्रीन रूम, आवास और भोजन जैसी सुविधाओं को उच्च स्तर का बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मंचीय व्यवस्था और कलाकारों से समन्वय की जिम्मेदारी जिन अधिकारियों को दी गई है, उनसे कहा कि वे समय से पहले अपनी तैयारी पूरी कर लें।

### खेल प्रतियोगिताओं के लिए भी इंतजाम

चक्रधर समारोह के अंतर्गत होने वाली कुश्ती और कबड्डी प्रतियोगिताओं के लिए अलग-अलग स्थलों पर मंच, दर्शकदीर्घा और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था करने पर भी जोर दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण और शहरी अंचल से बड़ी संख्या में खिलाड़ी व दर्शक इन खेलों में भाग लेते हैं, इसलिए यहां भी समुचित सुविधाएं सुनिश्चित हों।

### देशभर में मशहूर है चक्रधर समारोह

रायगढ़ का चक्रधर समारोह न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश में कला और संस्कृति की पहचान बन चुका है। राजा चक्रधर सिंह के नाम पर शुरू हुआ यह आयोजन आज अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कर चुका है। इस मंच पर संगीत, नृत्य, नाटक, लोककला और खेलों की विविधता एक साथ देखने मिलती है। यह समारोह जहां शहर की सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत करता है, वहीं नई पीढ़ी को अपनी परंपरा और संस्कृति से जोड़ने का अवसर भी प्रदान करता है।

### अधिकारियों की मौजूदगी

निरीक्षण के दौरान एडीएम अपूर्व प्रियेश टोप्पो, अपर कलेक्टर रवि राही, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय, ईई पीडब्ल्यूडी अमित कश्यप, तहसीलदार शिव डनसेना, जिला शिक्षाधिकारी डॉ. के.व्ही.राव, डीपीओ एल.आर. कच्छप, खनिज अधिकारी रमाकांत सोनी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



## जमीन विवाद में चाकू से हमला, पिता-पुत्र गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम चपले में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुआ विवाद गंभीर घटना में तब्दील हो गया। इस दौरान आरोपी पिता–पुत्र ने पड़ोसी अधेड़ व्यक्ति पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। खरसिया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या के प्रयास के मामले में न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चपले निवासी विमला पटेल (43 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका डीपापारा स्थित मकान किराए पर दिया गया है। उसी मकान के पास ओमशंकर पटेल का भी घर है। जमीन सीमांकन को लेकर ओमशंकर और उसके पिता जोहित राम पटेल के साथ पहले भी कई बार विवाद हो चुका था। 18 अगस्त की शाम विमला पटेल के पति पुरुषोत्तम और जेठ कमल प्रसाद (55 वर्ष) मकान के सामने मेन गेट लगवा रहे थे। तभी ओमशंकर और उसके पिता वहां पहुंचे और गेट लगाने से मना करते हुए विवाद करने लगे। इसी दौरान जोहित राम ने बेटे को मारने के लिए उकसाया, जिस पर ओमशंकर दुकान से चाकू लेकर आया और कमल प्रसाद पटेल पर हमला कर दिया। हमले में कमल प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़िता की रिपोर्ट पर खरसिया पुलिस ने अपराध क्रमांक 451/2025 धारा 109 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश जांगड़े के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। ओमशंकर की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया गया। दो आरोपी होने से अपराध में धारा 3(5) बीएनएसएस भी जोड़ी गई।

### ओपी जिंदल विश्वविद्यालय को एक्सेलेंस इन इंडस्ट्री अकेडेमिया इंटरफेस अवार्ड

## इंडस्ट्री अकादमिक साझेदारी में नया कीर्तिमान



**तमनार।** रायगढ़ के पुंजिपथरा स्थित ओपी जिंदल विश्वविद्यालय ने शिक्षा और उद्योग के बीच मजबूत सेतु का निर्माण कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। दिल्ली में आयोजित 33वें इलेट्स वर्ल्ड एजुकेशन समिट 2025 में विश्वविद्यालय को एक्सेलेंस इन इंडस्ट्री अकेडेमिया इंटरफेस अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार कुलपति डॉ. आर. डी. पाटीदार ने एक भव्य समारोह में ग्रहण किया, जहाँ देशभर के शिक्षाविद, नीति निर्माता, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और विश्वविद्यालयों के प्रमुख उपस्थित थे।

इस सम्मान को विश्वविद्यालय द्वारा किए गए नवाचारपूर्ण शैक्षणिक प्रयासों, स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम्स, इंटर्नशिप अवसरों और प्रैक्टिकल ओरिएंटेड शिक्षा की पहलों की मान्यता के रूप में देखा जा रहा है। डॉ. पाटीदार ने कहा यह सम्मान हमारे विश्वविद्यालय की पूरी टीम के अथक प्रयासों का परिणाम है। यह इस बात का प्रमाण है कि शिक्षा और उद्योग के बीच गहरा और व्यावहारिक संबंध छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से जिंदल स्टील के चेयरमैन नवीन जिंदल और विश्वविद्यालय की चांसलर श्रीमती शालू जिंदल के मार्गदर्शन व प्रोत्साहन के लिए आभार जताया। डॉ. पाटीदार ने कहा कि उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने शिक्षा और उद्योग के बीच सशक्त साझेदारी स्थापित की है, जिसने छात्रों को न केवल अकादमिक बल्कि व्यावहारिक उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर किया है। समिट के दौरान डॉ. पाटीदार ने को-इनोवेशन फॉर द एआई इरा इंडस्ट्री अकादेमिया गवर्नमेंट टाइज़ बियॉन्ड बॉर्डर्स सत्र में अपने विचार साझा करते हुए बताया कि एआई के युग में शिक्षा, उद्योग और सरकार के बीच पारदर्शी और सक्रिय सहयोग अत्यंत जरूरी है। गौरतलब है कि वर्ष 2014 में स्थापित ओपी जिंदल विश्वविद्यालय आज आधुनिक शिक्षण विधियों, अत्याधुनिक सुविधाओं और विश्वस्तरीय पाठ्यक्रमों के साथ उच्च शिक्षा का एक प्रमुख केंद्र बन चुका है। यह पुरस्कार विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता, उत्कृष्टता और नवाचार का मजबूत प्रमाण है तथा आने वाले समय में नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए प्रेरणा बनेगा।

### अंडर-14 क्रिकेट का ट्रायल 24 को

**रायगढ़।** बीसीसीआई के निर्देशानुसार सीएससीएस द्वारा राज्य के सभी जिलों में 24 अगस्त को अंडर-14 क्रिकेट का ट्रायल आयोजित किया जाएगा जिसके तहत रायगढ़ स्टेडियम में दोपहर 4 बजे से जिला टीम गठन के लिए चयन प्रक्रिया होगी। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचंद्र शर्मा ने बताया कि सभी मैच टेस्ट आधार पर होंगे तथा खिलाड़ियों का फिटनेस, बल्लेबाजी और गेंदबाजी प्रदर्शन के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। चयन के लिए वरिष्ठ खिलाड़ी पंकज बोहिदार और अभिषेक गुप्ता को जिम्मेदारी दी गई है जबकि संघ अध्यक्ष संतोष पांडेय ने अधिक से अधिक खिलाड़ियों से ट्रायल में भाग लेने की अपील की है। ट्रायल में शामिल होने के लिए प्रत्येक खिलाड़ी को अपनी किट के साथ सफेद ड्रेस में आना होगा और पंजीयन हेतु 200 शुल्क मैदान पर ही लिया जाएगा। इस वर्ग के लिए कट ऑफ डेट 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2013 रखी गई है, यानी इन्हीं तिथियों के बीच जन्मे खिलाड़ी पात्र होंगे।

## गुणवत्ता सुधार की ओर कदम, संकुल प्राचार्यों को दी गई विशेष ट्रेनिंग

- मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत चला कार्यक्रम

**बरमकेला।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान धरमजयगढ़ में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025 के अंतर्गत रायगढ़ जिले के सातों विकासखंडों के संकुल प्राचार्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

प्रथम दिवस 18 अगस्त को धरमजयगढ़, तमनार एवं लैलूंगा विकासखंड के संकुल प्राचार्यों को प्रशिक्षित किया गया, वहीं 19 अगस्त को रायगढ़, पुसौर, खरसिया और घरघोड़ा विकासखंड के संकुल प्राचार्यों का प्रशिक्षण आयोजित हुआ। इस दौरान मास्टर ट्रेनरों ने प्राथमिक, माध्यमिक और हाई स्कूल स्तर पर शिक्षा गुणवत्ता आकलन हेतु तैयार प्रश्नावली का विस्तार से अभ्यास कराया। आकलन की प्रक्रिया, आवश्यक सावधानियां, पूर्व तैयारी, आकलन दल की संरचना तथा प्रश्न पूछने की पद्धति पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही यह भी बताया गया कि प्राप्त उत्तरों के आधार पर पत्रकों को किस प्रकार से भरना है। प्रशिक्षण के उपरांत संकुल प्राचार्य अपने-अपने संकुल के प्रत्येक विद्यालय से एक शिक्षक को नोडल बनाकर प्रशिक्षित करेंगे और आगे राज्य व जिला स्तर से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप गुणवत्ता जांच कराएंगे। डाइट प्राचार्य अनिल पैंकरा ने प्रशिक्षण के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी संकुल प्राचार्य मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान को गंभीरता और निष्ठा से पूर्ण करें। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में संगीता पांडे (व्याख्याता, हायर सेकेंडरी स्कूल कुसमुरा), किरण पटेल (व्याख्याता, हायर सेकेंडरी स्कूल तारापुर), सालिकराम नायक (शिक्षक, उच्च प्राथमिक शाला मालदा), आरती ठाकुर (शिक्षिका, उच्च प्राथमिक शाला लोइंग), निरंजन पटेल (सहायक शिक्षक, प्राथमिक शाला लामीखार) और हीरालाल मिश्रा (सहायक शिक्षक, प्राथमिक शाला ढागरडीपा) शामिल रहे।



## स्काई एलॉयज़ में एम्बुलेंस सेवा शुरू



**खरसिया।** औद्योगिक क्षेत्र की प्रमुख कंपनी स्काई एलॉयज़ एंड पावर लिमिटेड ने सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए अपने परिसर में आधुनिक एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत की है। इस सेवा का लाभ न केवल कंपनी के कर्मचारियों को बल्कि आपात स्थिति में आसपास के गांवों के लोगों को भी मिलेगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. अभिषेक पटेल ने हरी झंडी दिखाकर एम्बुलेंस को रवाना किया। इस अवसर पर कंपनी प्रबंधन, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। डॉ. पटेल ने कहा कि आपातकालीन समय में त्वरित चिकित्सा सहायता कई बार जीवन रक्षक साबित होती है। स्काई एलॉयज की यह पहल ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत है और यह अन्य उद्योगों के लिए भी प्रेरणादायी उदाहरण बनेगी। कंपनी प्रबंधन ने बताया कि एम्बुलेंस को सभी जरूरी चिकित्सा उपकरणों से लैस किया गया है और इसे 24 घंटे तत्पर रखा जाएगा। किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय ग्रामवासी कंपनी द्वारा उपलब्ध कराए गए हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सहायता ले सकेंगे। यह पहल कंपनी की कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी गतिविधि के तहत की गई है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस सुविधा से ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी और औद्योगिक क्षेत्र में कंपनी और आमजन के बीच भरोसे का रिश्ता और गहरा होगा।

## कलेक्टर ने आवेदनों का निराकरण करने दिए निर्देश

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में जिले के विभागीय अधिकारियों के साथ विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया। इस दौरान उन्होंने डिजिटल फसल सर्वेक्षण को राज्य सरकार की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि यह किसानों से सीधे जुड़ा हुआ है, इसलिए इसे कृषि और राजस्व विभाग के अधिकारी एवं मैदानी कर्मचारी पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी से करें।

कलेक्टर ने कहा कि सर्वेक्षण के दौरान खेतों में कौन-सी फसल बोई गई है, धान है या धान के बदले अन्य फसल ली जा रही है, इसकी सटीक जानकारी दर्ज होनी चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या जानकारी में अंतर नहीं होना चाहिए, क्योंकि



इसी आधार पर किसानों की धान खरीदी, फसल क्षति पर मुआवजा और फसल बीमा जैसी सुविधाएं तय होती हैं। बैठक में कलेक्टर ने तहसीलदारों से पूछा कि कितने सर्वेयर बेहतर ढंग से कार्य कर रहे हैं, किन्हें प्रशिक्षण की आवश्यकता है और सर्वे के दौरान कौन-कौन सी दिक्कतें सामने आ रही हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में सरसींवा क्षेत्र के दौरे के दौरान एक सर्वेयर ने उत्कृष्ट काम किया, ऐसे कर्मचारियों का हौसला बढ़ाया जाना चाहिए।

### क्या है डिजिटल फसल सर्वेक्षण

डिजिटल फसल ऐप में खेत का प्लॉट, खसरा नंबर और रकबा अपने आप दर्ज हो जाता है। सर्वेयर को खेत में जाकर फसल की तीन तस्वीरें लॉन्गिट्यूट-लैटिट्यूट के साथ अपलोड करनी होती हैं। इस प्रक्रिया में पटवारी पर्यवेक्षक, राजस्व निरीक्षक सत्यापनकर्ता और तहसीलदार/नायब तहसीलदार जांचकर्ता की भूमिका निभाते हैं। सर्वे के बाद खसरे पटवारी को अनुमोदन या रिजेक्ट करने के लिए भेजे जाते हैं। यदि पटवारी दो बार रिजेक्ट करता है तो प्रकरण आरआई को भेजा जाता है, जहां मौके पर जाकर सत्यापन किया जाता है।

### फर्जी प्रविष्टियों पर कड़ी निगरानी

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि डिजिटल फसल सर्वेक्षण से फर्जी रकबा, फर्जी फसल या फर्जी किसान के नाम पर की गई प्रविष्टियां तुरंत पकड़ में आ जाती हैं। ऐसे मामलों में भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट तैयार की जाती है और विभाग को भेजी जाती है। इसके आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें धान खरीदी और मुआवजा जैसी योजनाओं से वंचित किया जाएगा।

### खान एवं खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई

# रेत के अवैध परिवहन व उत्खनन पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन पर कार्रवाई करते हुए 15 प्रकरणों में 15 से अधिक वाहनों की जब्ती बनाई गई है। उक्त कार्रवाई खान एवं खनिज अधिनियम के तहत की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशानुसार एवं अनिल कुमार साहू, खनिज अधिकारी के मार्गदर्शन में विगत 1 सप्ताह में खनिज उडनदस्ता दल प्रभारी रेखा लाल राजपूत, खनि निरीक्षक द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण के प्रभावी रोकथाम हेतु औचक जांच किया गया। खनिज अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान हनुमान धारा चांपा स्थित हसदेव नदी से खनिज रेत के अवैध उत्खनन करते 01 जेसीबी जप्त कर थाना चांपा की सुपुर्दगी मे दिया गया है तथा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से खनिज रेत के अवैध परिवहन के 8 प्रकरण 7 हाईवा एवं 1 टेक्टर दर्ज किया गया है। इसी प्रकार खनिज निम्न श्रेणी चूना पत्थर के अवैध परिवहन के 07 प्रकरण (06 हाईवा एवं 01 टेक्टर) दर्ज किया गया है। जप्त वाहनों को जिले के अलग-अलग थाना परिसर चांपा, बम्हनीडीह, मुलमुला, पुलिस लाइन, कलेक्ट्रेट परिसर के सुरक्षार्थ रखा जाकर वाहन मालिको के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि खनिज एवं राजस्व अमला द्वारा 15 अगस्त को शिवरीनारायण के पास ग्राम भोगहापारा का संयुक्त मौका जांच के दौरान खनिज रेत अवैध भण्डारण का 1 प्रकरण दर्ज किया जाकर अवैध भंडारण कर्ता के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण के उपरोक्त दर्ज प्रकरणों पर खान एवं खनिज अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जा रही है। आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

